भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1751**

जिसका उत्तर 30 जुलाई, 2025 को दिया जाना है ।

8 श्रावण, 1947 (शक)

## आईटी हार्डवेयर विनिर्माण इकाइयाँ

**1751. श्री अ. मनिः**

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में स्थापित आईटी हार्डवेयर विनिर्माण इकाइयों की कुल संख्या कितनी है और इसी अवधि के दौरान तमिलनाडु राज्य में स्थापित ऐसी इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या धर्मपुरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में या उसके आस-पास ऐसी कोई विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित, प्रस्तावित या स्वीकृत की गई हैं और यदि हाँ, तो स्थान, निवेश का आकार, सृजित रोजगार और अपेक्षित उत्पादन क्षमता सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने धर्मपुरी जिले में इलेक्ट्रॉनिक्स/आईटी हार्डवेयर इकाइयों की स्थापना के लिए व्यवहार्यता अध्ययन या स्थल मूल्यांकन किया है या करने का प्रस्ताव है; और

(घ) तमिलनाडु में धर्मपुरी जैसे टियर-2 और टियर-3 जिलों में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टरों के संतुलित क्षेत्रीय वितरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

**(क)** से **(घ):** घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आईटी हार्डवेयर मूल्य श्रृंखला में बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 29.05.2023 को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 शुरू की। इस योजना के अंतर्गत, 27 कंपनियों को स्वीकृति दी गई है। इनमें से 10 विनिर्माण इकाइयाँ पिछले 3 वर्षों में स्थापित की गई हैं, जिनका विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के संतुलित क्षेत्रीय वितरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले दस वर्षों में विभिन्न पहल शुरू की हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत में एक सुदृढ़ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना हुई है।

ऐसे परिवर्तन को संभव बनाने वाली सरकारी पहलों में शामिल हैं:

- बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई)
- आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई)
- इलेक्ट्रॉनिक घटकों और अर्धचालकों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीईसीएस)
- इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी और ईएमसी 2.0) योजना
- सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश 2017, सार्वजनिक खरीद में घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए
- कराधान में सुधार, जिसमें टैरिफ संरचना का युक्तिकरण, पूंजीगत वस्तुओं पर मूल सीमा शुल्क में छूट आदि शामिल हैं।

हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाइयों के स्थानों का चयन कम्पनियों द्वारा आपूर्ति श्रृंखला संपर्क, अवसंरचना के समर्थन और राज्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए अन्य सुगमता उपायों के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने देश में अपनी उत्पादन सुविधा स्थापित करने के लिए प्रमुख वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ आकर्षित करने के लिए प्लग एंड प्ले सुविधा / रेडी बिल्ट-अप शेड सहित सामान्य सुविधाओं और साधन के साथ विश्व स्तरीय अवसंरचनाओं के निर्माण के लिए ईएमसी और संशोधित ईएमसी (ईएमसी 2.0) योजनाओं को अधिसूचित किया है। ये योजनाएँ अखिल भारतीय पहल हैं और ईएमसी में कुल 22 क्लस्टर और ईएमसी 2.0 में 11 क्लस्टर पूरे भारत के 18 राज्यों में स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत 2 क्लस्टर शामिल हैं। विवरण **अनुबंध- II** में संलग्न हैं।

*******

**अनुबंध – I**

**पिछले 3 वर्षों में आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजनाओं के अंतर्गत स्थापित विनिर्माण इकाइयों की सूची**

| क्र. सं. | कंपनी | राज्य | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | नियोलिंक टेली कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 2022 |
| 2. | प्लमेज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | पुदुचेरी | 2023 |
| 3. | केनेस इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक | 2023 |
| 4. | स्माइल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड | तमिलनाडु | 2024 |
| 5. | भगवती प्रोडक्ट्स लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 6. | नेटवेब टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड | हरियाणा | 2024 |
| 7. | गुडवर्थ इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 8. | वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | हरियाणा | 2024 |
| 9. | सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड | तमिलनाडु | 2025 |
| 10. | एचएलबीएस टेक प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | 2025 |

**अनुबंध – II**

**तमिलनाडु में स्वीकृत क्लस्टरों का विवरण**

| क्र. सं. | स्थान | क्षेत्र | क्रियान्वयन एजेंसी | परियोजना लागत (रुपये करोड़ में) | जीआईए (रुपये करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पिल्लईपक्कम (गांव), श्रीपेरंबदूर तालुक (तालुक), कांचीपुरम (जिला) | 379.3 | तमिलनाडु राज्य उद्योग संवर्धन निगम (एसआईपीसीओटी) | 424.55 | 212.27 |
| 2 | मनालूर , तिरुवल्लुर जिला | 474.3 | | 587.47 | 293.74 |

*******